कार्यालय प्रभागीय निदेशक,सामाजिक वानिकी प्रभाग एटा ।

पत्रांक /14–1 एटा, दिनांक,22-9-2015

सेवा में,

वन संरक्षक,
अलीगढ़ वृत्त, अलीगढ़।

विषयः– जनपद एटा में टूण्डला–एटा मार्ग (एस0एच0–31) कि0मी0 32.33 के मध्य बायी पटरी पर ग्राम– जिनावली के गाटा सं0– 131 खसरा संख्या– 393 (स) पर विकसित किये जा रहे एस्सार ऑयल लि0 के रिटेल आउटलेट के संपर्क मार्ग निर्माण हेतु 0.092 हे0 संरक्षित वनभूमि के बिना वृक्ष पातन के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति के संबंध में।

सन्दर्भः– मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उ0प्र0लखनऊ का पत्रांक– 531/11सी. एटा दिनांक : 04.09.2015

महोदय,

उक्त संदर्भित पत्र के क्रम में भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय (मध्य) उ0प्र0लखनऊ द्वारा प्रस्ताव में लगायी गयी त्रुटियों का बिन्दुवार निराकरण निम्नानुसार है।

बिन्दु सं0– 1 प्रस्ताव का भाग– 4 अधोहस्ताक्षरी से सम्बन्धित नहीं है।

बिन्दु सं0– 2 प्रस्ताव के पृष्ठ – 27 व 28 में संरक्षित वनभूमि की अधिसूचना को सक्षम क्षेत्राधिकारी द्वारा प्रमाणित कर दिया गया है।

बिन्दु सं0– 3 पृष्ठ सं0– 45 पर संलग्न क्षतिपूरक वृक्षारोपण स्थल का मानचित्र डिजीटल तैयार कर संलग्न है। क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु प्रस्तावित स्थल के मुख्य बिन्दुओं के अक्षांश एवं देशान्तर को दर्शाते हुये भू संदर्भित डिजीटल मानचित्र KML FILE में प्रस्तुत कर दिया गया है। भू संदर्भित डिजीटल मानचित्र की प्रति सी0डी0 संलग्न है।

बिन्दु सं0– 4 – पृष्ठ सं0– 47 व 48 दी गई वचनवद्वता पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा हस्ताक्षर कर दिये गये है।

बिन्दु सं0– 5– पृष्ठ 62 पर मानचित्र में इन्डेक्स बना कर प्रस्तावित स्थल को हरे पेन से दर्शित कर दिया गया है।

बिन्दु सं0– 6 में बिन्दु सं0 3 से सम्बन्धित आपत्ति का निराकरण कर दिया गया है।

बिन्दु सं0– 7 – पृष्ठ सं0– स–64 संलग्न वचववद्वता प्रमाण पत्र में वनस्पति और प्राणि जगत की कोई दुर्लभ/सकटापन्न/विशिष्ठ प्रजाति से सम्बन्धित तथा पृष्ठ 65 संलग्न

वचनवद्वता प्रमाण पत्र में संरक्षित पुरातत्वीय/पारस्परिक स्थल प्रतिष्ठान और आप अन्य महत्वपूर्ण स्मारक क्षेत्र से सम्बन्धित है।

अतः दोनों प्रमाण पत्र अलग–अलग है। जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा हस्ताक्षरित कर दिये गये है।

बिन्दु 8– प्रस्तावित वन भूमि के शुद्व वर्तमान मूल्य की गणना कर संलग्न कर दी गई है।

अतः उक्तानुसार बिन्दुवार त्रृटियों को दूर कर संशोधित प्रस्ताव–2 प्रतियों में संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

संलग्नक– उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(सेम्मारन एम0)
प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी प्रभाग
एटा।

पत्रांक 638/14–1 समदिनांकित।

1. प्रतिलिपि मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उ0प्र0लखनऊ को संलग्न सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. प्रतिलिपि टैरेटरी सेल्स मैनेजर, एस्सार ऑयल लिमिटेड, ए–5 सेक्टर–31 नोएडा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(सेम्मारन एम0)
प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी प्रभाग
एटा।